C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 56 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 11 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## गोवटा बांध पर उमड़ी भीड़, चादर और हरियाली ने खींचा पर्यटकों को



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

गोवटा बांध इन दिनों पर्यटकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बीते दिनों हुई तेज बरसात के बाद बांध पर बहती चादर, आस-पास फैली हरियाली और जंगल की खूबसूरती लोगों को यहां खींच रही है। रविवार को छुट्टी होने के कारण यहां जिले सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मौसम सुहाना होने के साथ ही रमणीक नजारों ने पर्यटकों को देर तक ठहरने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान पर्यटक परिवार सहित पानी में मस्ती और मनोरंजन करते हुए नजर आए, वहीं कई लोगों ने खूबसूरत नजारों के बीच सेल्फी लेकर यादगार पल संजोए।

(कपिल श्याम विजय )

## गहलोत के पीएसओ की गिरफ्तारी पर बेनीवाल का हमला – बोले, 'एसआई भर्ती में धांधली की जड़ें बहुत गहरी'

**भीलवाड़ा फोकस @ नागौर**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर पीएसओ और उसके बेटे की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी आरएलपी के प्रमुख और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कांग्रेस और एसओजी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान में हुई सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई और इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच केवल सीबीआई ही कर सकती है।



### "नाक के नीचे खेल हुआ, गहलोत को जिम्मेदारी लेनी चाहिए"

बेनीवाल ने कहा–÷मैं यह नहीं कह रहा कि अशोक गहलोत ने खुद पेपर लीक करवाया या करवाने में शामिल थे, लेकिन यह सब उनकी नाक के नीचे हुआ। आरोपी पहले भी उनके साथ थे और आज भी उनके करीब हैं। इनके बीच मजबूत संबंध हैं, इसलिए सख्त पूछताछ होनी ही चाहिए।

### सीबीआई जांच की पुरजोर मांग

आरएलपी प्रमुख ने कहा कि जब किसी बड़े नेता के करीबी गिरफ्तार होते हैं तो नेता पल्ला झाड़ लेते हैं। ÷एसआई भर्ती घोटाले की जड़ तक पहुंचना है, तो इसकी जांच सीबीआई को सौंपी जाए। सीबीआई में बड़े नामों को उजागर करने की हिम्मत होती है, एसओजी में नहीं,

बेनीवाल ने याद दिलाया कि उनकी पार्टी पिछले 105 दिनों से जयपुर के शहीद स्मारक पर धरना दे रही है और इस मुद्दे को लेकर कई नेताओं से भी चर्चा हो चुकी है।

### "कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने युवाओं को धोखा दिया"

बेनीवाल ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसके शासनकाल में लगभग सभी भर्ती परीक्षाएं संदेह के घेरे में रहीं। उन्होंने भाजपा पर भी वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा–÷भाजपा ने सत्ता में आने से पहले वादा किया था कि पेपर लीक मामलों की पूरी जांच कराएंगे, लेकिन वादा पूरा नहीं किया। रीट लेवल सेकेंड का पेपर तो रद्द हुआ, लेकिन अगर रीट लेवल फर्स्ट की जांच होती, तो कांग्रेस के कई बड़े नेता जेल में होते।÷

### 859 में से 500 फर्जी थानेदार

बेनीवाल ने कहा कि कांग्रेस राज में हुई एसआई भर्ती में 859 अभ्यर्थियों में से 500 फर्जी थानेदार नियुक्त हुए। ÷ये एक-एक कर पकड़े जा रहे हैं। उन्होंने एसओजी पर आरोप लगाते हुए कहा की ये भी सेटलमेंट का अड्डा बन चुका है–कहीं दो पर एक फ्री, कहीं तीन पर एक फ्री का खेल चलता है। बड़े मगरमच्छ पकड़ने हैं तो सीबीआई जांच ही एकमात्र रास्ता है ।

### एसओजी की भूमिका पर सवाल

आरएलपी प्रमुख ने यह भी खुलासा किया कि एसओजी के चार अधिकारियों पर कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन उन्होंने समय रहते तत्कालीन आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा से पूछताछ नहीं की। ÷अगर समय रहते पूछताछ हो जाती, तो एसआई भर्ती घोटाले के सारे राज सामने आ जाते। एसओजी दूध की धुली नहीं है ।

### पेपर लीक पर राष्ट्रीय स्तर पर रोक की मांग

बेनीवाल ने कहा कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बार-बार हो रही पेपर लीक घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त राष्ट्रीय कानून की जरूरत है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ÷अशोक गहलोत को ट्वीट करने का बहुत शौक है, तो उन्हें खुद आगे आकर सच्चाई उजागर करनी चाहिए।

## आरएसएस और बीजेपी के खिलाफ बोलता हूं, उतना साहस दिखाने वाले नेता गिनती के होंगे। अगर दम है, तो गड़बड़ी पकड़ कर दिखाओ - डोटासरा

**भीलवाड़ा फोकस @ सीकर**



मैं जितना आरएसएस और बीजेपी के खिलाफ बोलता हूं, उतना साहस दिखाने वाले नेता गिनती के होंगे। अगर दम है, तो गड़बड़ी पकड़ कर दिखाओ। तमाशा बनाने और राजनीतिक रोटियां सेंकने से कुछ हासिल नहीं होगा। ये बात मास्टर प्लान 2041 के विरोध में रविवार को कृषि उपज मंडी में आयोजित जनसभा में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सरकार और प्रशासन पर जमकर निशाना साधते हुए कही । इस दौरान सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 16 अगस्त को सीकर बंद रहेगा उन्होंने सीकर के मास्टर प्लान 2041 को निरर्थक बताते हुए कहा कि, ÷हमारे समय 2031 का मास्टर प्लान लागू था और सीकर संभाग बन चुका था। लेकिन आज संभाग का दर्जा भी छिन गया, तो 2041 का प्लान क्यों? उन्होंने दावा किया कि इस नए प्लान पर आई 20 शिकायतें नेताओं और भूमाफियाओं की मिलीभगत का नतीजा हैं।

कांग्रेस नेता ने ऐलान किया कि मास्टर प्लान के खिलाफ सभी दलों और संगठनों को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। यह कहना गलत है कि डोटासरा, अमराराम या पारीक ने यह कर दिया। यह लड़ाई हम सबकी है। जब भी संघर्ष समिति को हमारी ज़रूरत होगी, कांग्रेस और मैं कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े रहेंगे।

### पेपर माफिया पर भी बरसे डोटासरा

डोटासरा ने चुनौती देते हुए कहा, ÷चाहे पेपर माफिया हो या कोई और, जिसने बेईमानी की है, उसे सलाखों के पीछे डालो। आरोप लगाना आसान है, लेकिन 2 साल से सुन रहे हैं कि मगरमच्छों को जेल भेजेंगे–भेजो, कौन रोक रहा है?

व्यक्तिगत आरोपों पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि वह एक किसान और मास्टर के बेटे हैं, जिन पर कई बड़े आरोप लगे, पर कोई साबित नहीं हुआ। ÷ईडी और इनकम टैक्स तक आ चुके, लेकिन गोविंद सिंह डोटासरा की पूंछ तक नहीं उखाड़ पाए। जिंदगी में एक रुपए की भी बेईमानी साबित हो जाए, तो राजनीति छोड़ दूंगा।

सभा में हजारों लोगों की मौजूदगी के बीच मास्टर प्लान 2041 को पूरी तरह निरस्त करने की मांग गूंजी और 16 अगस्त को सीकर बंद का संकल्प लिया गया।

## करेड़ा में ज्वेलर्स की दुकान से सोना चोरी के मामले में , एक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा**

थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई ज्वेलर्स की दुकान में चोरी का पुलिस ने खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी पुरणमल मीणा ने बताया की थला निवासी प्रेमचंद कुमावत ने रिपोर्ट दी थी की उसकी सांवरिया ज्वेलर्स दुकान में बीती 8 अप्रैल को दो अज्ञात युवक प्लसर बाइक पर आए।

उन्होंने चांदी की अंगूठी खरीदने के बहाने मुनीम संदीप मेहता को चकमा देकर सोने का पेंडल, मोती और सोने की लुंग की जोड़ी चोरी कर ली। जिसपर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी ।

मामले में पुलिस ने जावलात रतलाट मध्यप्रदेशग निवासी आरोपी मोहम्मद ताकिर को गिरफ्तार कर लिया है ।



C M Y K

## मंसूरी ब्रदर्स का 9वां निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न



भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी

मंसूरी ब्रदर्स ने रविवार को गुलजी पीर दरगाह स्थित जमात खाने में अपना 9वां निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें 11 जोड़ों का निकाह मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ। कार्यक्रम का संचालन इमामुद्दीन मंसूरी के मार्गदर्शन और नगर परिषद के पूर्व प्रतिपक्ष नेता अब्दुल सलाम मंसूरी की अध्यक्षता में हुआ। आयोजन में कई समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मंसूरी ब्रदर्स अब तक 265 जोड़ों का निकाह करा चुके हैं और हर माह 11 जोड़ों का निःशुल्क विवाह कराने का संकल्प लिया है। अगला सम्मेलन 14 सितंबर को होगा।

## मेहरूकला में दर्दनाक हादसाः बकरियां चराने गया चरवाहा खारी नदी में डूबा, मौत



भीलवाड़ा फोकस @ सावर

(दिलखुश मोटिस)। थाना क्षेत्र के मेहरूकला गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। बकरियां चराने खेतों की ओर गया एक चरवाहा खारी नदी की तेज लहरों में डूब गया और घर नहीं लौटा। रविवार सुबह उसकी लाश मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, मेहरूकला निवासी महावीर (47) पुत्र हरचंद कहार सुबह बकरियां चराने निकले थे। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने रातभर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

रविवार सुबह ग्रामीणों ने खारी नदी में एक शव तैरता देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सावर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकाला। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले किया जांच में जुटी है।

## भीलवाड़ा जिला कांग्रेस आज दिखाएगी 'वोट चोरी' का सबूत, 12 बजे प्रेस वार्ता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर राहुल गांधी द्वारा कथित 'वोट चोरी' के खुलासे को लेकर भीलवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी 11 अगस्त सोमवार को बैठक और प्रेस वार्ता आयोजित करेगी।

जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि इस मौके पर राहुल गांधी के खुलासे से जुड़ी प्रस्तुति और वीडियो का प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय, गांधी भवन, भीलवाड़ा में होगा।

बैठक औरप्रेस वार्ता में सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पीसीसी सदस्य, पूर्व विधायक एवं प्रत्याशी, जिला कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी, पंचायती राज एवं स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधि, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी, ब्लॉक व मंडल स्तर के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता शामिल होंगे।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA FOCUS
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# अजमेर में दिनदहाड़े बड़ी वारदात : दम्पति पर हुआ हमला, पत्नी का गला रेता , हुई मौत , ज्वैलरी लूटकर फरार हुए बदमाश





भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर

ज़िले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर हुई लूट की वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सिलोरा भाजपा मंडल के महामंत्री रोहित सैनी की पत्नी संजू सैनी (32) की बाइक सवार बदमाशों ने रास्ते में घेरकर हत्या कर दी। बदमाशों ने ज्वेलरी लूटने के बाद गला रेतकर वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। हमले में रोहित सैनी भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार उदयपुर कलां निवासी रोहित सैनी, पत्नी संजू के साथ रक्षाबंधन पर रलावता गांव ससुराल गए थे। रविवार दोपहर करीब 2 बजे दंपती सिलोरा गांव में संजू के रिश्ते के भाई के घर राखी बांधने जा रहे थे। गांव से करीब 3 किमी पहले उनकी बाइक को एक बाइक सवार बदमाश ने रोका, तभी पीछे से दूसरी बाइक पर आए बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। चाकू दिखाकर ज्वेलरी छीनने की कोशिश हुई, विरोध करने पर बदमाशों ने पति-पत्नी के साथ मारपीट की और संजू के गले पर चाकू से वार कर दिया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को किशनगढ़ जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने संजू को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सैनी समाज के लोग अस्पताल में जमा हो गए और आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव उठाने से इनकार कर दिया। इस दौरान कुछ युवाओं ने अस्पताल के बाहर रोड जाम करने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने समझाइश से खत्म कराया।

हादसे के बाद मौके पर किशनगढ़ शहर, मदनगंज और गांधीनगर थाने का जाप्ता तैनात किया गया है। अजमेर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा भी घटना स्थल और अस्पताल पहुंचीं। सीओ किशनगढ़ ग्रामीण उमेश गौतम के अनुसार, लूट की गई ज्वेलरी की कीमत रिपोर्ट मिलने के बाद स्पष्ट होगी। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है और इलाके में नाकाबंदी कर दी गई है।

# भीलवाड़ा में रह रही युवती की मौत, प्रेमी रामगंजमंडी में शव छोड़कर भागा

भीलवाड़ा फोकस @ रामगंजमंडी

क्षेत्र की 19 वर्षीय युवती, जो पिछले एक महीने से लापता थी, का शव उसके प्रेमी ने अपने घर के बाहर रख दिया और फरार हो गया। घटना के बाद रविवार को राजपूत करणी सेना और ग्रामीणों ने शव को ट्रैक्टर में रखकर खैराबाद पुलिस चौकी पहुंचकर स्टेट हाईवे 9बी पर जाम लगा दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि यह हत्या का मामला है और पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज होने के बाद भी समय पर कार्रवाई नहीं की। प्रदर्शनकारियों ने युवती की मां को मुआवजा और लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।

**मां का आरोप – जबरन उठा ले गया था युवक**

युवती की मां ने बताया कि पास के गांव का एक युवक उनकी बेटी को लंबे समय से परेशान कर रहा था। 11 जुलाई को वह उसे जबरन उठा ले गया और उसके साथ बदसलूकी की। घटना के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### पुलिस का दावा – भीलवाड़ा में साथ रह रही थी युवती

सीआई मनोज सीकरवार ने बताया कि जांच में पता चला है कि युवती युवक के साथ प्रेम प्रसंग के चलते भीलवाड़ा में रह रही थी। शनिवार रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। इसके बाद युवक शव को गांव लाकर घर के बाहर छोड़कर भाग गया। घटना की जानकारी सुबह करीब 10 बजे मिली। सोशल मीडिया पर शव की तस्वीर वायरल होने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। मौके पर तहसीलदार राहुल वर्मा,



डीएसपी घनश्याम मीना और सीआई मनोज सीकरवार ने ग्रामीणों से समझाइश की, लेकिन नारेबाजी जारी रही। पुलिस ने ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट कर दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। फिलहाल एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# केसरपुरा में आधी रात को हमला, दंपती गंभीर घायल

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद

थाना क्षेत्र के केसरपुरा गांव में शनिवार देर रात एक परिवार पर हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोल दिया। घटना में दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, खमाण बागरिया अपने परिवार के साथ राखी के अवसर पर बहन के घर ठहरे हुए थे। रात करीब 1:30 बजे 5-6 अज्ञात बदमाश घर में घुस आए और सोते हुए उनके बेटे मुकेश व उनकी पत्नी लक्ष्मी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दोनों के सिर पर गहरी चोटें आईं।





बदमाश लक्ष्मी के हाथ से कड़ा व रामनामी और मुकेश के गले से सोने के जेवर छीन ले गए। इसी दौरान खमाण की बहन डाली देवी के विरोध करने पर उनके साथ भी मारपीट की गई और मोबाइल फोन तोड़ दिया। घटना के दौरान जब जोर जोर से शोर मचाया। पड़ोसी लाला राम गुर्जर मौके पर पहुंचे, लेकिन बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर आसींद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को आसींद अस्पताल पहुंचाया। जहां से गंभीर घायल होने पर भीलवाड़ा रेफर किया गया है। थाना प्रभारी हंसपाल सिंह के अनुसार, बदमाशों की तलाश के लिए टीम गठित कर जांच शुरू कर दी गई है।



## QUICK BITES

### धार्मिक सेवा सप्ताहः धीरज गुर्जर के जन्मदिवस पर शक्करगढ़ मंडल में तीन दिवसीय कार्यक्रम

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर के जन्मदिवस पर शक्करगढ़ मंडल में 12 से 14 अगस्त तक धार्मिक सेवा सप्ताह का आयोजन होगा। मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सेन ने बताया कि मेवाड़ के नेता धीरज गुर्जर का जन्मदिन इस बार सेवा और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर 12 अगस्त को परसा के बालाजी महाराज चौराहा, पर सुंदरकाण्ड पाठ रात्रि 8 बजे से , 13 अगस्त को बाकरा चारागाह में वृक्षारोपण सुबह 9 बजे से और 14 अगस्त को बरौदा गोशाला में लापसी व चारा वितरण दोपहर 3 बजे किया जाएगा ।

सेन ने बताया कि इस दौरान सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक कार्यक्रमों में शामिल होकर धार्मिक और सामाजिक सेवा में योगदान देंगे।

### भीलवाड़ा गॉट टैलेंट का ग्रैंड फिनाले 13 अगस्त को

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भीलवाड़ा में गॉट टैलेंट 2025 में बच्चों और युवाओं ने नृत्य, गायन, अभिनय, मिमिक्री व कला की शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग 4-9 वर्ष, 10-16 वर्ष और 17 वर्ष से ऊपर में हुई।

आयोजन समिति प्रमुख दीपक चंडालिया ने बताया कि इसका उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देना और वंचित वर्ग की सहायता के लिए धन जुटाना है।



ग्रैंड फिनाले 13 अगस्त को शाम 6 बजे होटल श्रीलोक, हरणी महादेव में होगा। इसमें हास्य कलाकार अंकित सिसौदिया (बच्चा यादव), मिष्ठी सिसौदिया, संचालक अजय माहेश्वरी और धुन बैंड नीरज एन ग्रुप का लाइव शो आकर्षण रहेंगे।

कार्यक्रम की सफलता में विनील गुप्ता, सौरभ माहेश्वरी, आदित्य सेन और हारून रंगरेज का योगदान रहा। फिनाले में विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा और लाइव वोटिंग से प्रथम व द्वितीय विजेता चुने जाएंगे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कोटड़ी की कार्यकारिणी गठित, शर्मा अध्यक्ष व काबरा मंत्री निर्वाचित

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**



शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार रविवार को उपशाखा कोटड़ी के चुनाव आदर्श विद्यामंदिर विद्यालय में प्रांत गोशाला प्रमुख भंवरलाल भांबी की मुख्य आतिथ्य, सीताराम खटीक की विशिष्ट आतिथ्य, चुनाव अधिकारी संजीव कुमार शर्मा और पर्यवेक्षक पवन जोशी के निर्देशन में संपन्न हुए।

चुनाव में सर्वसम्मति से दुर्गाशंकर शर्मा दूसरी बार अध्यक्ष और पुष्पेंद्र कुमार काबरा मंत्री निर्वाचित हुए। लक्ष्मीनारायण व्यास को सभाध्यक्ष, गजेंद्र सिंह खंगारोत और भगवानलाल गुर्जर को उपसभाध्यक्ष, नागेंद्र प्रताप सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सोजीराम माली और सुलोचना वैष्णव को उपाध्यक्ष, सावित्री नामा को महिला मंत्री तथा पवन कुमार गगरानी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इसके अलावा विभिन्न पदों पर कालूलाल शर्मा, राजदीप सिंह राठौड़, गोपाललाल शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, शिवप्रकाश मीणा, आशा राठौड़, अशोक कुमार पोरवाल, चेन सिंह कानावत, हनुमान सिंह शक्तावत और सुरेश कुमार सुवालका को सदस्य मनोनीत किया गया।

चुनाव अधिकारी संजीव कुमार शर्मा ने सभी पदाधिकारियों की घोषणा की, जिसके बाद अतिथियों ने माल्यार्पण और दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। नव-निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाते हुए संघ की रीति-नीति के अनुसार कार्य करने और शिक्षकों-कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी जिम्मेदारी से कार्य करने का आह्वान किया गया। चुनाव के दौरान 35 जिला प्रतिनिधि और 9 प्रदेश महासमिति प्रतिनिधि भी नियुक्त किए गए।

# भाजपा की तिरंगा यात्रा से देशभक्ति का जज़्बा जगाने का आह्वान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




भाजपा की 11 से 14 अगस्त तक चलने वाली हर घर तिरंगा यात्रा और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारी को लेकर रविवार को जिला कार्यालय पर कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी प्रसन्न मेहता ने कहा कि तिरंगा यात्रा से देशभक्ति का जज़्बा जगाया जाएगा और हर घर तिरंगा फहराकर उसकी शौर्य गाथा पहुंचाई जाएगी। सांसद व भाजपा प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल ने विभाजन की पीड़ा और तिरंगे के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने बताया कि 13 अगस्त को शहर के चारों मंडलों की तिरंगा यात्रा राजेंद्र मार्ग स्कूल से निकलेगी और जिले के 39 मंडलों में कार्यक्रम होंगे। बच्चों के हाथों से घरों पर तिरंगा लगाकर देशभक्ति की भावना जगाई जाएगी। कार्यक्रम में विधायक, पूर्व विधायक, जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यशाला के बाद सातों विधानसभाओं में अलग-अलग तैयारी बैठकें कर रूट और समय तय किया गया।

# पुर में विश्नोई समाज का विशाल रक्तदान शिविर, युवाओं में उत्साह

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



विश्नोई समाज सेवा संस्थान, पुर के तत्वावधान में रविवार को समाज के नोहरे में तृतीय विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में युवा रक्तदाताओं का जोश देखते ही बन रहा था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने शिविर में पहुँचकर रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा, रक्तदान महादान है, यह किसी का जीवन बचाने का सबसे बड़ा उपहार है और युवाओं से अधिकाधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। त्रिपाठी ने शिविर के सफल आयोजन के लिए विश्नोई समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सराहना की तथा रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर विश्नोई समाज पुर की ओर से त्रिपाठी का साफा बंधवाकर स्वागत किया गया। उनके साथ पहुँचे सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश सोनी, जिला प्रवक्ता एवं शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अमरवाल, रोशन लाल महात्मा, युवा समाजसेवी अली मंसूरी का भी सम्मान किया गया।

# तिलस्वां में विश्व आदिवासी दिवस पर भील समाज की प्रतिभाओं का सम्मान





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर तिलस्वां महादेव परिसर में भील समाज का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और प्रतिभा सम्मान के संदेश गूंजे।

मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा ने कहा कि शिक्षा ही समाज को सशक्त बनाने की कुंजी है। उन्होंने युवाओं को कुरीतियों से दूर रहकर सकारात्मक बदलाव की ओर कदम बढ़ाने का आह्वान किया। इस दौरान समाज के मेधावी छात्रों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया।

समारोह में कास्या चौकी प्रभारी नरेश सुखवाल, मंडल मंत्री मिठू सिंह, हीरा भील, श्याम अहीर, गोपाल अहीर, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी कालु पुरी, सम्मेलन अध्यक्ष जगदीश भील, रामलाल भील, रतन भील, पुरण भील, गंगाराम भील, लक्ष्मण भील और भगवती भील सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय फुलिया कला की नई कार्यकारिणी गठित

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा फुलिया कला के चुनाव महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कनेछन कला में संपन्न हुए। रामगोपाल मीणा अध्यक्ष, सत्यदेव पुरोहित मंत्री और देवीलाल कुमावत कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके अलावा सत्यनारायण गुर्जर सभाध्यक्ष, मोहनलाल चौबे व प्रहलाद धोबी उपसभाध्यक्ष तथा अन्य प्रतिनिधि निर्विरोध चुने गए। कुल 23 सदस्य जिला महासमिति में शामिल हुए। पूर्व अध्यक्ष हनुमान प्रसाद शर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत कर शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की अपेक्षा जताई।



# नॉर्थ कोरिया-चीन-रूस जैसे हालात का खतरा, वोट चोरी पर राहुल गांधी से शपथ पत्र मांगने को गहलोत ने बताया लोकतंत्र पर हमला

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि वोट चोरी, एक व्यक्ति-एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर सीधा हमला है। उन्होंने लिखा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है।



गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी ने सारे सबूत जनता के सामने रखकर चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में की जा रही वोट चोरी को उजागर किया है, जिस पर पूरे देश को भरोसा है। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा शपथ पत्र मांगने को बेहूदा बताते हुए इसे अपनी इज्जत बचाने का प्रयास करार दिया।

उन्होंने 2018 के मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत के बयान का हवाला देते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में यदि कोई वरिष्ठ नेता आरोप लगाता था, तो चुनाव आयोग स्वतः जांच कर तथ्य जनता के सामने रखता था ताकि विश्वास बना रहे। गहलोत ने सवाल उठाया कि पूर्व में अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और नरेंद्र मोदी सहित कई विपक्षी नेताओं ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाए थे–इनमें से कितनों से शपथ पत्र मांगे गए?

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि राहुल गांधी का खुलासा किसी खोजी पत्रकार या मीडिया संस्थान ने किया होता, तो क्या चुनाव आयोग निष्पक्ष जांच करता या उनसे भी शपथ पत्र मांगता? उन्होंने नॉर्थ कोरिया, चीन और रूस जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां एक ही पार्टी का शासन होने के बावजूद चुनाव होते हैं, लेकिन उनकी स्थिति पूरी दुनिया जानती है। गहलोत ने आशंका जताई कि क्या भारत में भी वैसा ही करने का प्रयास हो रहा है?

# जैन संतों की निंदा-चुगली करना बड़ा उपसर्ग एवं अपराध : मुनि अनुपम सागर

## श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के तत्वावधान में संयम भवन में वर्षायोग प्रवचन






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

वितरागी निग्रन्थ साधुओं पर भूतकाल में भी उपसर्ग होते आए हैं और वर्तमान में भी हो रहे हैं। कब तक श्रावक गण मौन और मध्यस्थ बनकर इन हालात को सहन करते रहेंगे? जैन संतों की निंदा, चुगली और अनावश्यक आलोचना भी बहुत बड़ा उपसर्ग एवं अपराध है।

ये विचार श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के तत्वाधान में शास्त्रीनगर हाउसिंग बोर्ड स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मास कर रहे पट्टाचार्य आचार्य विशुद्धसागर महाराज के शिष्य मुनि अनुपम सागर ने रविवार को संयम भवन में आयोजित चातुर्मासिक (वर्षायोग) प्रवचन में व्यक्त किए।

मुनि अनुपम सागर ने कहा– निंदा सुनना और निष्क्रिय रहना अर्थात अन्याय करना और अन्याय सहना, दोनों ही अपराध हैं। कब तक फूल बनकर सज्जनता का मुखोटा पहने रहेंगे? कभी तो हमें सावचेत होना ही पड़ेगा।

### गुरु की आज्ञा सर्वोपरि – मुनि निर्मोहसागर

प्रवचन में मुनि निर्मोहसागर महाराज ने कहा कि गुरु की आज्ञा शिष्य के लिए सर्वोपरी होती है। इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए, बल्कि गंभीरता से लेकर गहराई से समझना और अनुकरण करना चाहिए, ताकि समकित फल की प्राप्ति हो सके।

### धर्मसभा में भक्ति और आयोजन

समिति अध्यक्ष राकेश पाटनी ने बताया कि धर्मसभा के प्रारंभ में किशनगढ़, इंदौर, भरतपुर, केकड़ी आदि स्थानों से पधारे भक्तों और महाराजश्री के सांसारिक भतीजे अर्पित जैन ने देव-शास्त्र-गुरु के समक्ष दीप प्रज्वलन, गुरु पाद प्रक्षालन, जिनवाणी भेंट एवं अर्ध समर्पण किया। मंगलाचरण की प्रस्तुति इंदौर की अनामिका बाकलीवाल ने दी।

धर्मसभा का संचालन पदमचंद काला ने किया।

समिति के मीडिया प्रभारी भागचंद पाटनी ने बताया कि दशलक्षण महापर्व के अवसर पर श्री सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर परिसर में महाराजश्री के सानिध्य में जैनत्व संस्कार साधना शिविर का आयोजन होगा। यह शिविर 28 अगस्त से 6 सितम्बर तक चलेगा।

# सावर से सांवलिया सेठ की चौथी भव्य पदयात्रा रवाना

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

(दिलखुश मोटिस)। नगर में आस्था और उत्साह का अद्भुत नजारा रविवार को देखने को मिला। चारभुजानाथ मंदिर गढ़ परिसर से श्री सांवलिया सेठ की चौथी भव्य पदयात्रा का शुभारंभ नगरपालिका चेयरमैन विश्वजीत सिंह शक्तावत ने झंडी दिखाकर किया।




सैकड़ों श्रद्धालु केसरिया ध्वज, ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और आकर्षक झांकियों के साथ मंडफिया स्थित हवेली की ओर रवाना हुए। बुलाने वाला सांवरा सेठ, ले जाने वाला सांवरिया सेठ÷ के जयकारों से मार्ग भक्तिमय हो गया।

# जूडो खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर आज से पुर में

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्यस्तरीय ओपन सब-जूनियर जूडो प्रतियोगिता टोंक में भाग लेने वाले भीलवाड़ा जिले के चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 11 से 16 अगस्त तक श्रीराम व्यायामशाला जूडो सेंटर, पुर में होगा। जिला जूडो अध्यक्ष गिरिराज चौबे के निर्देशानुसार चयनित बालक व बालिका वर्ग के खिलाड़ी कोच चेतन चौबे के मार्गदर्शन में तैयारी करेंगे। छात्र प्रभारी भगवतीलाल शर्मा व जगदीश राजोरा तथा छात्रा प्रभारी संगीता जाट व प्रकाश राजोरा रहेंगे। टीम 17 अगस्त को टोंक में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।



## QUICK BITES

# वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक में सम्मान और स्वास्थ्य जागरूकता

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक में डॉ. अरुण कुमार गौड़ ने 60-70 वर्ष के वरिष्ठों के अनुभव को समाज के लिए अनमोल बताते हुए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की सलाह दी। बैठक में नए सदस्यों, जन्मदिन वाले सदस्यों और वन भ्रमण में श्रेष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। भवानी शंकर शर्मा को किडनी अंगदान पर विशेष सम्मान मिला।

# वाहन रैली के साथ भील समाज ने मनाया आदिवासी दिवस

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



भील सेना ने रविवार को आदिवासी दिवस पर जातल से शाहपुरा तक वाहन रैली निकाली। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए कोर्ट परिसर पहुंची, जहां डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अंबेडकर विचार मंच के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र घुसर ने स्वागत किया। रैली त्रिमूर्ति चौराहा, अरनिया घोड़ा, रूपपुरा, तहनाल होते हुए देवरी में संपन्न हुई। डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

# आसींद रोड पर बाबा रामदेव भंडारे का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



नगर के आसींद रोड, निंबाहेड़ा के पास रविवार को लोक देवता बाबा रामदेव के भंडारे का शुभारंभ महंत सीताराम बाबा ने पूजा-अर्चना व ध्वज रोपण के साथ किया। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन रघुनंदन सोनी मुख्य अतिथि रहे। पार्षद दुर्गालाल कहार ने बताया कि हर वर्ष जनसहयोग से यह भंडारा आयोजित होता है, जिसमें रामदेवरा जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क चाय, पानी, भोजन और रुकने की व्यवस्था की जाती है।

इस अवसर पर भैरूलाल कहार, भंवरलाल कहार, प्रेम कहार, जगदीश, महावीर, राजू, गणेश कहार, लादू, गोविंद, राजू साजन, कालू पोखर, लालाराम कहार, राजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# सत्यपाल मलिक को जाट समाज ने दी श्रद्धांजलि

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



जाट समाज ने पूर्व राज्यपाल व किसान नेता स्व. सत्यपाल मलिक को जाट छात्रावास, क्लिंजरीगेट, शाहपुरा में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके निर्भीक जीवन, किसान हितैषी विचारों और समाजसेवा को याद किया। अधिवक्ता रामप्रसाद चौधरी ने कहा कि उनका निधन किसान व जाट समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम में छात्रावास पदाधिकारी व समाजजन उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।